C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:33 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:51 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 71 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 2 सितम्बर 2025



बिपाशा के बाद अब मृणाल का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पंजाब में बाढ : 12 जिलों के 2.56 लाख लोग प्रभावित

**पंजाब।** पंजाब में बाढ़ और बारिश की वजह से अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है। 12 जिलों के 2.56 लाख लोग प्रभावित हैं। किसानों पर भी बाढ़ की बड़ी मार पड़ी है। सूबे में 94,061 हेक्टेयर फसल बाढ़ की चपेट में हैं। सबसे ज्यादा मानसा जिले में किसानों की फसल बर्बाद हुई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को पंजाब में बारिश का रेड और बुधवार को यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही कहा कि पहाड़ों पर भी यदि बारिश न थमी तो पंजाब में हालात और बिगड़ सकते हैं। सात सितंबर तक बूंदाबांदी के आसार बताए जा रहे हैं।

### उत्तरकाशी-चमोली में हाईवे और कई मार्ग बाधित



**देहरादून।** प्रदेश में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित है। उत्तरकाशी और चमोली जिलों में कई राष्ट्रीय राजमार्ग और आंतरिक मार्ग मलबा आने से बाधित हो गए हैं। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सेलंग के समीप हाईवे पर मलबा आने से बंद है। मौसम विभाग ने देहरादून और उत्तरकाशी जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं चिंता का कारण बने स्यान चट्टी को लेकर भी राहतभरा अपडेट सामने आया है। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डबरानी के पास मलबा आने से बाधित है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग झर्जर गाड़, जंगलचट्टी, बनास, नारदचट्टी, कल्याणी, हरेती और फेडी के पास मलबा व पत्थर आने से अवरुद्ध है। एनएच की ओर से मार्ग खोलने का काम जारी है। स्याना चट्टी में राहत। यमुना नदी पर बनी झील का जलस्तर घटा है, जिससे स्थानीय लोगों और प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि सुरक्षा कारणों से मोटर पुल पर आवाजाही बंद रखी गई है।

# पहाड़ों में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, 11 जिलों में स्कूल बंद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रेड और ऑरेंज अलर्ट वाले सभी जिलों में आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

प्रदेश के देहरादून और उत्तरकाशी जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से इन जिलों में कई दौर की भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं शेष जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। मौसम विज्ञानी रोहित थपलियाल के मुताबिक रेड और ऑरेंज अलर्ट



वाले सभी जिलों में आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। सोमवार को भी पहाड़ से लेकर मैदान तक कई दौर की बारिश देखने को मिली। वहीं, देहरादून और हरिद्वार को छोड़कर गढ़वाल और कुमाऊं के अन्य सभी जिलों में आज स्कूल बंद रखे गए हैं। चमोली जिले में सोमवार को देर शाम बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों के साथ ही हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, नंदा घुंघटी, रुद्रनाथ की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई, जिससे मौसम में ठंडक आ गई है। सोमवार को जिले के निचले क्षेत्रों में भी मौसम ठंडक भरा रहा। शाम तक ठंड बढ़ने से लोगों ने गरम कपड़े निकाल दिए। चमोली जिले के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई है।

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से नदिया उफान पर पहुंच गई हैं। उत्तरकाशी में स्यानचट्टी पुल पर यमुना नदी का पानी आ गया है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। गढ़वाल मंडल में सौंग, बाणगंगा, अलकनंदा, मंदाकिनी, यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। जो चेतावनी के स्तर से ऊपर है। इसके अलावा कुमाऊं में कोसी और गौरीगंगा का जलस्तर भी बढ़ा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से आदेश जारी किया गया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालयों में सावधानी बरती जाए।

देहरादून और उत्तरकाशी जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी

# आफत की बारिश: हिमाचल, उत्तराखंड में आठ की मौत, दो लापता व 13 घायल

**देहरादून**

**एजेंसी**

छह मौतें हिमाचल में और दो उत्तराखंड में हुई हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित कर दिया है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से और आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 13 लोग घायल हुए हैं और दो लापता हैं। इनमें से छह मौतें हिमाचल में और दो उत्तराखंड में हुई हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित कर दिया है। राज्य को अब तक 3,056 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में यह घोषणा की। सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 24 और 34 लागू कर दी गई है। आपातकालीन प्रतिक्रिया के तहत जिला मजिस्ट्रेट आवश्यक आदेश जारी कर सकते हैं, जो उन्हें किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में ऐसा करने के लिए अधिकृत करता है। राज्य में अगस्त में करीब 76 वर्षों की रिकॉर्ड बारिश हुई है। प्रदेश में साल 1901 के बाद से अगस्त में नौवीं सबसे अधिक



बारिश (431.3 मिलीमीटर) हुई है। यह साल 1949 के बाद से अगस्त में हुई सबसे अधिक बारिश है। 1948 में 456 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि रेड अलर्ट के बीच हुई भारी बारिश में शिमला के जुन्गा, जुब्बल-कोटखाई और सिरमौर में भूस्खलन से छह लोगों की जान गई है। इनमें एक पिता-पुत्री भी शामिल हैं। कुमारहट्टी में एक मकान जमींदोज होने से चार लोग घायल हुए हैं जबकि पहाड़ी से पत्थर गिरने से तीन मणिमहेश यात्री घायल हुए हैं। मनाली-लेह हाईवे ठप होने से कोकसर में 250 वाहन फंसे हैं। प्रदेश में पांच एनएच समेत 1,277 सड़कें, 3207 बिजली ट्रांसफार्मर और 790 पेयजल योजनाएं ठप हैं। उत्तरकाशी के सयालब से कुलदेवी की डोली लेकर वापस जा रहे 10 लोगों के वाहन पर रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर मुनकटिया के पास एक बोल्डर ऊपर से गिर गया। हादसे में रीता देवी और चंद्र सिंह की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के जवान भी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। मौसम विभाग ने देहरादून और उत्तरकाशी जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार को भारी बारिश से गजियावाला में संसारी माता का मंदिर ढह गया।

# लगातार बारिश चिंताजनक हालात, हाईअलर्ट पर यूपीसीएल, डिजास्टर रिस्पांस टीमें तैनात

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

**अपील**

- बिजली के खंभों, लाइनों से दूर रहने की अपील

उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश से हालात चिंताजनक हैं। यूपीसीएल, डिजास्टर रिस्पांस टीमें हाईअलर्ट पर हैं। यूपीसीएल की आम आदमी से बिजली के खंभों, लाइनों से दूर रहने की अपील की है।

लगातार भारी बारिश के बीच यूपीसीएल हाई अलर्ट पर है। सभी जगहों पर डिजास्टर रिस्पांस टीमें तैनात की गई हैं। आम आदमी से भी इस दौरान बिली के खंभों, लाइनों से दूर रहने की अपील की जा रही है। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने भारी वर्षा एवं प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए सभी फील्ड स्टाफ को उच्च सतर्कता मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा जैसी परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बनाए रखना जटिल कार्य है। सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता अपने क्षेत्रों में तैनात रहते हुए गश्त एवं निरीक्षण कर रहे हैं। किसी भी विद्युत अवरोध, पोल गिरने या तार टूटने की सूचना तत्काल यूपीसीएल मुख्यालय एवं संबंधित नियंत्रण कक्ष को भेजी जा रही है। सभी लाइन स्टाफ एवं फील्ड इंजीनियरों को सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति बहाल करते समय वर्षा, आंधी या भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में पूर्ण सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। एमडी ने उपभोक्ताओं से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति में विशेष सावधानी बरतें। टूटे या गिरे हुए बिजली के तारों और पोल से दूर रहें। विद्युत दुर्घटना या अवरोध की सूचना तुरंत यूपीसीएल टोल फ्री नंबर 1912 अथवा नजदीकी बिजली घर पर दें। गीले हाथों से विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें। गिरे हुए पोल या तारों को स्वयं छूने या हटाने का प्रयास न करें।

यूपीसीएल ने राज्य के सभी जिलों में डिजास्टर रिस्पांस टीमें तैनात की हैं जो आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं। यूपीसीएल के सभी नियंत्रण कक्ष एवं उपसंस्थानों को भी सतर्क रहने और उपभोक्ताओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

...रामनगर में कोसी... पेज 4 पर

# प्रदेश की 13 महिलाओं को मिलेगा तीलू रौतेली पुरस्कार

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड की 13 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार चार सितंबर को दिया जाएगा। मंत्री रेखा आर्य ने इस बारे में जानकारी दी।

प्रदेश के प्रतिष्ठित तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए 13 महिलाओं का चयन किया गया है। पुरस्कार वितरण चार सितंबर को किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए इस साल प्रदेश भर से कुल मिलाकर 13 महिलाओं का चयन किया गया है। इसके अलावा 33 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पुरस्कार दिया जाएगा। यह आयोजन चार सितंबर को आईआरडीटी के सभागार में किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी सामर्थ्य से बढ़कर काम कर रही हैं और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई नए आयाम खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी महिलाओं को सशक्त करना सरकार की जिम्मेदारी है। इस काम में सरकार बिल्कुल भी पीछे नहीं रहेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का असली काम हमारी आंगनबाड़ी बहनें करती हैं और उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए।

# लक्सर पहुंचे सीएम धामी, ट्रैक्टर से किया आपदा प्रभावित जलमग्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**लक्सर /देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

तहसील क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्रैक्टर और मोटर बोट में बैठकर आपदा प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल और आबादी क्षेत्र में हुए जलभराव का जायजा लिया। उन्होंने गंगदासपुर गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की।



मुख्यमंत्री, पूर्व विधायक संजय गुप्ता के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर जलभराव वाले इलाके से होते हुए गंगदासपुर गांव में पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकांश ग्रामीणों ने खेतों में जलभराव होने से फसल को होने वाले नुकसान की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री ने आपदा में फसलों को हुई क्षति और भू कटाव का आकलन कराकर मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जलभराव से प्रभावित इलाकों में जलनिकासी के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिए। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी मुख्यमंत्री ने दी। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का परीक्षण किए जाने के भी निर्देश दिए। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को पुनर्वास और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम धामी ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश आपदा से जूझ रहा है। सरकार का पूरा फोकस आपदा प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाने और आपदा प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने पर है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला अलर्ट नजर आया। मंगलवार सुबह सीएम के लक्सर पहुंचने की चर्चा थी लेकिन लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम को देखते हुए सीएम के लक्सर आने पर असमंजस बना हुआ था। दोपहर के समय सीएम के दौरे की पुष्टि होते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। इ

# क्वारब में मलबे ने दूसरे दिन भी रोकी आवाजाही

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

पहाड़ के तीन जिलों की लाइफलाइन अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को दूसरे दिन भी बंद रहा। 47 किमी. का फेरा लगाकर वाया रानीखेत के रास्ते वाहनों की आवाजाही हुई। इससे यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा।

बीते सोमवार को क्वारब में पहाड़ी दरकने से हाईवे पर मलबा आ गया था। इस कारण मंगलवार को भी अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से ठप रही। टैक्सी और बस समेत अन्य वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक मार्ग वाया रानीखेत के रास्ते हुई। इससे यात्रियों को 47 किमी अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ा।

टैक्सी में क्वारब के रास्ते हल्द्वानी का किराया 400 रुपये है जबकि रानीखेत के रास्ते जाने पर यात्रियों को 600 से 700 रुपये किराया देना पड़ा। इससे यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी।



## अल्मोड़ा में दरकीं पहाड़ियां, 59 सड़कें बंद

मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मलबा और बोल्डर गिरने से जिले में दो राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कुल 59 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई है। मंगलवार सुबह क्वारब में फिर पहाड़ी दरक गई। इससे अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच मलबा और बोल्डर से पट गया और यातायात बाधित हो गया। अल्मोड़ा-पनार-घाट पिथौरागढ़ एनए -309बी पर कांडानौला के पास बंद है। बारिश से कई सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने से कई दुपहिया वाहन चालक रपट गए। भतरौंजखान-भिकियासैण मार्ग पर नवोदय विद्यालय के पास सड़क पर पेड़ और मलबा आने से यातायात बाधित रहा।



## एलआईसी की योजनाओं और उपलबधियों पर प्रकाश डाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नैनीताल ने 69 वीं वर्षगांठ पर सोमवार को समारोह आयोजित कर निगम की योजनाओं और उपलबधियों पर प्रकाश डाला।

मुखय अतिथि वरिष्ठ नागरिक एवं निगम के सेवानिवृत शाखा प्रबंधक गोपाल सिंह बिष्ट ने इस मौके पर कहा कि निगम ने राष्ट्र हित में अहम योगदान दिया है जिसे यथावत रखने की जिममेदारी वर्तमान में कार्यरत निगम कर्मियों और अधिकारियों की है। इस अवसर पर विकास अधिकारी दीपक जोशी और बीएस ह्यांकी के बेहतर कार्यों को लेकर सममानित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जितेन्द्र दसोंनी समेत रविकांत राजू, हेम कांडपाल, विजय पंत, गिरधर ढैला, मनीष कुमार, विनोद पंत,बालम सिंह, शैलेन्द्र जोशी व मोहित मौजूद थे।

## बारिश के चलते मां नंदा देवी महोत्सव में दुकानदारों के सामान को नुकसान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में रविवार की रात व सोमवार को दिनभर हुई बारिश की वजह से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश की वजह से सबसे अधिक फजीहत नैनीताल में चल रहे मां नंदा देवी महोत्सव के तहत डीएसए मैदान में लगे दुकानदारों को उठाना पड़ा।

भारी बारिश की वजह से काफी मात्रा में पानी दुकानों के भीतर घुसने से दुकानदारों के सामान को नुकसान पहुंच गया। दूसरी ओर बारिश की वजह से जिला प्रशासन की ओर से स्कूली बच्चों को सोमवार को अवकाश घोषित करने की वजह से बच्चों को राहत मिल सकी। बारिश की वजह से स्थानीय लोगों के साथ ही मां नंदा के दर्शन के पहुंचे भकतों को भी परेशानी उठानी पड़ी,मेला क्षेत्र में पानी की वजह से काफी मात्रा में कीचड़ होने से लोग दिनभर खासे परेशान रहे। बारिश की वजह से नगर की माल रोड समेत नगर के सभी दर्शनीय स्थलों में भी दिनभर सन्नाटा ही नजर आया।

बारिश से नैनी झील के जलस्तर में इजाफा हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी मुताबिक दिनभर में 48.75 मिलीमीटर बारिश हुई है जबकि अधिकतम तापमान 22 व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



## NEWS / फटाफट

### 423वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 423वें दिन भी जारी रहा। आज दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में अभियान के 423 वें दिन पर्यटक आवास गृह थल परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डीडीहाट डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता दान सिंह कन्याल, नरेंद्र सिंह व लक्ष्मण राम उपस्थित रहे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

### खटीमा गोलीकाण्ड के शहीदों को याद किया



**नैनीताल ।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में सोमवार को दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की अध्यक्षता में 1 सितंबर 1994 को निहत्थे उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा खटीमा में बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज एवं गोलीकाण्ड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजली दी गयी तथा उनके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य बनाये जाने के लिए दिये गये सहयोग एवं योगदान को याद किया गया। सभा का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0. एम0 एस पाल, प्रभाकर जोशी, वीरेन्द्र सिहं रावत, भगवत सिंह नेगी, सुहास रतन जोशी, राजेश शर्मा,गोविन्द सिंह लटवाल, बी0एस0 कोरंगा, के0के0 वर्मा, अविदित नौलियाल, अमनजोत सिंह चड्ढा, भुवनेश जोशी, एन0के0 पपनोई तथा विनोद तिवारी आदि कई अधिक्तागण उपस्थित रहे।

### प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने संबोधित ज्ञापन सौंपा



**नैनीताल।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल तल्लीताल के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन तल्लीताल के थानाध्यक्ष मनोज नयाल को सौंपा। ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते 29 अगस्त (शुक्रवार) को तल्लीताल थाने में तैनात अवर निरीक्षक अंजू जौन की ओर से तल्लीताल बाजार में जांच का कार्य किया गया,इस दौरान उनकी ओर से बाजार के कई व्यापारियों जिसमें वरिष्ठ नागरिक व महिलाएं भी शामिल थी उनके साथ बदसलूकी की गयी,कहा कि तल्लीताल के व्यापारी लंबे समय से इनके अपमानजनक रवैये को सहन करते आए हैं लेकिन अब वह सहन नहीं करेंगे, कहा कि जनहित में इन्हें तल्लीताल थाने से हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष मारुति नंदन साह,महामंत्री अमनदीप सिंह आनंद समेत उपाध्यक्ष नासिर खान व ममता जोशी,कोषाध्यक्ष हरीश लाल,उपसचिव जयंत उप्रेती,पूर्व अध्यक्ष भुवन लाल साह,पूर्व उपाध्यक्ष विक्रम राठौर तथा पूर्व उपसचिव कनक साह आदि शामिल रहे।

### मेले में सीसीटीवी की संखया 31 से बढ़ाकर 47 की

**नैनीताल ।** नैनीताल में मां नंदा देवी मेले में अराजक तत्वों पर नजर रखने और सुरक्षा के लिए अब सीसीटीवी कैमरों की संख्या 31 से बढ़ाकर 47 कर दी है। कंट्रोल रूम से पूरे मेला परिक्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। बता दें पुलिस कंट्रोल रूम से क्षेत्र में होने वाली गतिविधि पर नजर रख रही है। एसपी अपराध व यातायात डॉ जगदीश चन्द्र ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई हैं। सीसीटीवी कैमरों से जेब कतरों व अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## युवक को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुखानी पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार उसे न्यायालय में पेश किया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर नैनीताल पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मुखानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अर्जुन गोस्वामी को एक अदद देसी तमंचा (315 बोर) एवं 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अर्जुन गोस्वामी निवासी कुरिया गांव, लामाचौड़, बताया। सफलता पाने वाली टीम में उप निरीक्षक अविनाश मौर्य कांस्टेबल कुंदन शाही कांस्टेबल विनोद कुमार रहे।



## आकाशवाणी केंद्र का सांसद ने किया निरीक्षण



**जसपुर।** सांसद अजय भट्ट मंगलवार को जसपुर में जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे, जिसे बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। उन्होंने महुआडाबरा के हरिपुरा में ऑल इंडिया रेडियो के आकाशवाणी केंद्र का दौरा किया। यहां लोगों की समस्याएं सुनीं। कहा टॉवर लगाए जाने का कार्य चल रहा है। प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा 100 मीटर का टॉवर इस केंद्र में स्थापित किया जा रहा है। इसमें 10 किलो वाट के एफएम ट्रांसमीटर लगाए जाने की योजना है। वहां पर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, तीरथ सिंह, राजकुमार गुंबर आदि थे।

## धूमधाम से निकाली श्री बालाजी महाराज की 33वीं शोभायात्रा

काशीपुर

हमारे संवाददाता

श्री बालाजी मुक्तिधाम सेवक समिति की ओर से श्री बालाजी महाराज की 33वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

मंगलवार की शाम को मोहल्ला किला से शुरू हुई शोभायात्रा पुरानी सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक, चीमा चौराहा, कोर्ट रोड होते हुए श्री बालाजी मुक्तिधाम मंदिर जसपुर खुर्द पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान गणेश, श्रीराम दरबार, राधा-कृष्ण, महाकाल समेत कई देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं अंत में श्री बालाजी महाराज का दरबार श्रद्धालु लेकर चल रहे थे। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और श्री बालाजी महाराज दरबार का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले सुबह मंदिर में श्री बालाजी महाराज का अभिषेक और श्रृंगार दर्शन के साथ हवन-पूजन किया गया। वहीं रात में मंदिर परिसर में भंडारे का प्रसाद वितरण कर जागरण का आयोजन किया गया। वहां पर जतिन अरोरा, विनोद सोठी, अनिल वर्मा, अनिल चावला, विरेंद्र, अभिषेक, प्रेम शुक्ला, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

- रात में मंदिर परिसर में भंडारे का प्रसाद वितरण कर जागरण का आयोजन
- सुबह मंदिर में श्री बालाजी महाराज का अभिषेक और श्रृंगार दर्शन

# अभिमत

## बड़ा फैसला

***जांच में यह भी सामने आया कि अवैध मदरसों में झारखंड, बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के बच्चे फर्जी आधारकार्ड के जरिए पढ़ाई कर रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए अब तक 237 अवैध मदरसों को बंद किया जा चुका है। पंजीकृत मदरसों में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम केवल औपचारिक रूप से दिखाया जाता है जबकि पढ़ाई का जोर धार्मिक शिक्षा पर ही रहता है। यही कारण है कि सरकार ने मदरसा बोर्ड को खत्म करने की तैयारी की है।***

उत्तराखंड में सरकारी जमीन पर बने धर्मस्थलों को ध्वस्त करने तथा अवैध मदरसों के खिलाफ राज्य सरकार का अभियान जारी है। अवैध मदरसों की विदाई और पंजीकृत मदरसों की व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य में मदरसा बोर्ड की मान्यता समाप्त कर दी जाएगी और इसके स्थान पर अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। यह निर्णय आगामी शैक्षिक सत्र से लागू होने की उम्मीद है। एक सर्वे के अनुसार दो वर्ष पूर्व राज्य में 416 पंजीकृत मदरसों में 45,808 बच्चे पढ़ रहे थे। इनमें 23,174 बच्चे कक्षा 1 से 5 तक, 17,066 कक्षा 6 से 8 तक तथा करीब 2,496 बच्चे कक्षा 9 से 10 में अध्ययनरत थे। राज्य में 576 से अधिक अवैध मदरसों में भी लगभग 60 हजार बच्चे धार्मिक शिक्षा ले रहे थे। सर्वे में पाया गया कि अधिकांश अवैध मदरसे बिना पंजीकरण चल रहे हैं और संचालक चंदे का हिसाब नहीं देते, जबकि बच्चों की पढ़ाई और सुविधाएं बेहद दयनीय स्थिति में हैं। राज्य बाल सुधार आयोग की रिपोर्ट में भी मदरसों की पढ़ाई के स्तर को बेहद खराब और चिंताजनक बताया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि अवैध मदरसों में झारखंड, बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के बच्चे फर्जी आधारकार्ड के जरिए पढ़ाई कर रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए अब तक 237 अवैध मदरसों को बंद किया जा चुका है। पंजीकृत मदरसों में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम केवल औपचारिक रूप से दिखाया जाता है जबकि पढ़ाई का जोर धार्मिक शिक्षा पर ही रहता है। यही कारण है कि सरकार ने मदरसा बोर्ड को खत्म करने की तैयारी की है। अब सिख, पारसी, ईसाई, जैन, गोरखा या बौद्ध शिक्षा संस्थान अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंतर्गत आएंगे और उनकी संबद्धता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से होगी। साथ ही धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ उन्हें राज्य बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ाना अनिवार्य होगा। आधुनिक शिक्षा मिलने से बच्चों का भविष्य सुधरेगा। देवभूमि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जहां पारंपरिक मदरसा व्यवस्था समाप्त होकर बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। धार्मिक शिक्षा से परहेज नहीं है, परन्तु शिक्षा संस्थान की आड़ में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देना अपराध है। अनेक बार धर्म विशेष के शिक्षा संस्थानों से हथियार भी बरामद हुए हैं।

# मां नंदा देवी महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत सोमवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन मां नयना देवी मंदिर परिसर में किया गया जिसकी वजह से दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। दूसरी ओर बारिश के बाद भी मां नंदा व सुनंदा के दर्शन के लिए भक्तों का सिलसिला अनवरत जारी रहा।

श्री नंदा देवी महोत्सव में सोमवार को श्री राम सेवक सभा द्वारा विश्व शांति हेतु हवन किया गया तथा सभी प्राणी स्वस्थ रहे तथा समृद्ध रहे इसकी कामना की गई । देवी पूजन के साथ हवन हुआ तथा कन्या पूजन पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल द्वारा किया गया जबकि हवन पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। दिन भर चले अनुष्ठानों को सफल बनाने में सभा के संरक्षक गिरीश जोशी ,अध्यक्ष मनोज साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत कैलाश जोशी, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट,विमल साह, देवेंद्र लाल साह,हरीश सिंह राणा एवं मुकेश जोशी तथा मोहित लाल साह, भुवन बिष्ट, भीम सिंह कार्की,दिनेश भट्ट,ललित साह ,घनश्याम लाल साह आदि जुटे रहे।



## पंच आरती के बाद प्रसाद वितरित किया

**नैनीताल** । मां नंदा महोत्सव के तहत शाम को हुई पंच आरती में हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय तथा जिलाधिकारी वंदना सिंह शामिल हुई । पंच आरती को देखने के लिए शाम के वकत भक्तों की काफी भीड़ दिखायी दी। पंच आरती के बाद भकतों को हलुवे का प्रसाद वितरित किया।



## मां नंदा महोत्सव का प्रसारण अंतरराष्ट्रीय स्तर

मां नंदा महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल तथा यू- ट्यूब के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जा रहा है । सीधा प्रसारण में सोमवार को विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ पर्यावरण, आध्यात्म, युवाओं का प्रोत्साहन तथा नंदा देवी के इतिहास सहित नैनीताल पर व्यापक चर्चा हुई । सीधा प्रसारण में राजेंद्र सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत नवीन भट्ट ,ज्योति कांडपाल, वंदना पांडे, वीरेंद्र सिंह , बी एस राणा, जस्सी राम तथा प्रभात साह गंगोला, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. हरीश बिष्ट तथा हरीश सिंह राणा ने विभिन्न विषयों पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।संचालन प्रो. ललित तिवारी,नवीन पांडे ,हेमंत बिष्ट ,मीनाक्षी कीर्ति तथा मृणाल नेगी ने किया।

## उत्तराखंडी लोक संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार



**नैनीताल** । मां नंदा देवी महोत्सव के तहत सोमवार की शाम को सभा भवन प्रांगण में सांस्कृतिक टीम के संयोजक डा.मोहित सनवाल के नेतृत्व में विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उत्तराखंडी लोक संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। मां सरस्वती लोक संस्कृति समिति नैनीताल तथा कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान समिति खुर्पाताल के कलाकार समाचार लिखे जाने तक अपनी प्रस्तुति दे चुके थे। खराब मौसम के बाद भी काफी दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए जमे हुए थे।

# सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें वितरित की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय नैनीताल से प्राप्त सूचना अनुसार उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मां नंदा देवी महोत्सव में स्टाल लगाकर विधिक जागरूकता हेतु सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें वितरित की गई तथा आम जनमानस को पैरा विधिक कार्यकर्ता एवं पैनल विधिक वक्तागण के माध्यम से विधिक जानकारी भी दी गई।

जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हरीश कुमार गोयल द्वारा मेले में लगी स्टालों का निरीक्षण किया गया तथा मेदांता इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एवं रिसर्च गुडग़ांव द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में हो रही जांचों तथा बीपी, शुगर, इसीजी अन्य बीमारियां के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उपस्थित व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हर्ष यादव, उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल विशेष कार्य अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, रमाकांत चौधरी, प्रवेश कुमार चौधरी तथा पंकज प्रसाद आदि उपस्थित रहे।




## फिल्मी दुनिया

# बिपाशा के बाद अब मृणाल का अनुष्का शर्मा पर तंज



*बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अब बिपाशा बसु के साथ हुए विवाद के बाद एक बार फिर चर्चाओं में आ गई हैं। इस बार मृणाल ने सीधे तौर पर तो नहीं बल्कि अनुष्का शर्मा पर तंज कस दिया। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। कभी उनकी फिल्मों को लेकर चर्चा होती है तो कभी उनके बयानों की वजह से। हाल ही में उनका एक पुराना वीडियो सामने आया था जिसमें उन्होंने बिपाशा बसु को लेकर बॉडी शेमिंग वाली बात की थी। अब एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने सुल्तान फिल्म को ठुकराने और अनुष्का शर्मा को लेकर तंज कसने की बात कही है। इसी के चलते वह एक बार फिर आलोचकों के निशाने पर आ गई हैं। मृणाल ठाकुर ने हाल ही में बातचीत के दौरान खुलासा किया कि वह सलमान खान की सुपरहिट फिल्म सुल्तान से डेब्यू करने वाली थीं। लेकिन उन्होंने खुद ही इस प्रोजेक्ट से पीछे हटने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि वह तैयार नहीं थीं। उनका कहना था कि अगर वह उस समय यह फिल्म करतीं तो शायद अपनी पहचान खो देतीं। हालांकि, उसी फिल्म में जिस अभिनेत्री ने काम किया, आज वह फिल्मों में सक्रिय नहीं हैं, जबकि मृणाल लगातार काम कर रही हैं। हालांकि पॉडकास्ट का ये वीडियो कितना पुराना है, फिलहाल इसके बारे में कुछ पता नहीं चला है।*

## फिर ट्रोल होने लगीं मृणाल ठाकुर

*वीडियो सामने आने के बाद नेटिजन्स ने मृणाल को घेरना शुरू कर दिया। कई लोगों ने उन्हें मतलबी तक कह डाला और यह भी लिखा कि खुद को ऊपर दिखाने के लिए किसी और महिला को नीचा दिखाना गलत है। कुछ यूजर्स ने तंज कसा कि अगर मृणाल उस फिल्म में होतीं तो शायद उतना जादू नहीं चल पाता जितना सलमान और अनुष्का की जोड़ी ने दिखाया। यह पहली बार नहीं है जब मृणाल ठाकुर को उनके बयानों की वजह से आलोचना झेलनी पड़ी हो। इससे पहले बिपाशा बसु को लेकर उनका एक इंटरव्यू वायरल हुआ था जिसमें वह उनकी बॉडी पर मजाक कर रही थीं।*

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में सोमवार से राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय खेलकूद संयोजक रविन्द्र रावत तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सूर्य प्रकाश तथा नवीन रावत रूडकी ने दीप प्रज्वलित करके किया।प्रांतीय खेलकूद संयोजक रविन्द्र रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीम भावना को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने प्रतिभागी खिलाडियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जीत और हार से बढक़र खेल भावना का महत्व है।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 12 टीमें भाग ले रही हैं। विद्यालय के विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने सभी अतिथियोंए खिलाडियों एवं दर्शकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और भविष्य में उन्हें राज्य एवं राष्टीय स्तर पर आगे बढने के अवसर मुहैया कराते हैं। कार्यक्रम में उमेश,अमित, विक्रांत व आदित्य उपस्थित रहे ।



News कॉर्नर

## एक हादसे दो कारें भिड़ी, दूसरे हादसे में पर्यटक चोटिल

**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्दियाखान के समीप दो कार आमने सामने भिड़ गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस जानकारी के अनुसार सोमवार को बसंत अपनी कार से हल्द्वानी से नैनीताल आ रहे थे, इसी दौरान गाजियाबाद निवासी सुंदरम गोयल अपनी कार से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। बारिश के चलते दोनों कार बल्दियाखान हनुमान मंदिर के समीप आमने सामने भिड़कर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि दोनों कारों में किसी भी सवार को कोई चोट नहीं आई। इस दौरान दोनों कार चालकों के बीच विवाद हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों में क्षतिग्रस्त वाहनों का काम कराने को लेकर समझौता हो गया है, वहीं डोलमार में रेस्टोरेंट के समीप एक कार सडक् किनारे पिलर पर टकराने से एक पर्यटक चोटिल हो गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे नैनीताल तहसील के आपदा वाहन से तत्काल घायल हल्द्वानी निवासी सूजल को अस्पताल पहुंचाया गया।

## शांति भंग करने पर युवक के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल ।** नैनीताल में मां नंदा देवी मेले के दौरान अराजकता फैलाना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शांति भंग करने पर युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल खेल मैदान में लगे मेले में देर शाम एक युवक अराजकता करने लगा। उसके आते जाते लोगों से अभद्रता करने के कारण लोग परेशान हो रहे थे। मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से गश्त कर रही पुलिस ने युवक को हँगामा करते पकड़ लिया। पुलिस को देख लोगों ने भी युवक की शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस युवक को कोतवाली ले आई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि चौखुटा मुक्तेश्वर निवासी महेश चंद्र के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

# लंबित जांच और उससे जुड़े साक्ष्य संकलन के मामले में कोताही देख डीजीपी नाराज

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



आज कल नैनीताल जिले की पुलिस काफी सुर्खियों में है। साथ ही उसकी कार्यशैली लगातार सवालों के चर्चा का विषय बनी हुई है। आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि जो नैनीताल पुलिस आमतौर पर चरस से लेकर देसी शराब के पाउच पकड़ने में लंबा चौड़ा प्रेस नोट जारी करती है। इतना ही नहीं इन मामलों की प्रेस कॉन्फ्रेंस करने में भी देर नहीं लगाती, वहीं नैनीताल पुलिस डीजीपी दीपम सेठ के आदेश पर हुई कार्रवाई को मीडिया से साझा करना जरूरी नहीं समझती। दरअसल, बीते 30 अगस्त को राज्य के पुलिस मुखिया डीजीपी दीपम सेठ नैनीताल जिले की कानून व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस बैठक में डीजीपी बारी बारी से सभी थानाध्यक्षों से फीडबैक ले रहे थे। इसी क्रम में जब चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी की बारी आई तो पिछले वर्ष की एक लंबित जांच और उससे जुड़े साक्ष्य संकलन के मामले में कोताही देख डीजीपी नाराज हो गए। ठीक वैसे ही जैसा इन दिनों नैनीताल जिला पंचायत चुनाव की सुनवाई के दौरान माननीय चीफ जस्टिस जिले के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को देखकर हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक खबर तो यहां तक है कि डीजीपी दीपम सेठ ने तत्काल चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी को सस्पेंड करने के आदेश दे डाला। हालाकि इस बात की पुष्टि तो जिले के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ही कर सकते हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि एसएसपी मीणा से पुष्टि हो तो हो कैसे? क्योंकि वो आमतौर पर हर फोन तो रिसीव करते नहीं। इसलिए हमने भी उन्हें फोन करना छोड़ दिया है। वैसे भी हल्द्वानी में मीडिया को बाइट देने के लिए उन्होंने अपने हिसाब से बाकायदा दिन, समय और पुलिस अधिकारी निर्धारित किया हुआ है। डीजीपी के निर्देश के बाद 31 अगस्त को चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। हालाकि अभी भी इस कार्रवाई का प्रेस नोट आने का इंतजार है। ऐसे में फिर वही सवाल उठ रहा है कि हर छोटे बड़े अपराध के मामले में गुड वर्क को प्रचारित और प्रसारित करने वाली नैनीताल पुलिस ने चोरगलिया थानाध्यक्ष पर हुई कार्रवाई को घंटों बाद भी सार्वजनिक क्यों नहीं किया? वो भी तब जब कार्रवाई सूबे के डीजीपी दीपम सेठ के आदेश से जुड़ी हो। बड़ा सवाल यही है कि आखिर नैनीताल पुलिस जनहित से जुड़ी अहम सूचनाएं मीडिया से दूर क्यों रखना चाहती है? आखिर चोरगलिया थानाध्यक्ष को डीजीपी से मिली फटकार और कार्रवाई को आम जनता को क्यों नहीं जानना चाहिए? ऐसे तमाम सवाल हैं जो लगातार नैनीताल पुलिस की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। बताते चलें कि नैनीताल जिला पंचायत चुनाव के दिन हुए अपहरण कांड की सुनवाई इन दिनों लगातार माननीय हाईकोर्ट में चल रही है। मामले में नैनीताल जिले की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जिसे लेकर राज्य के पुलिस मुखिया डीजीपी दीपम सेठ तक को माननीय हाईकोर्ट के समक्ष पेश होना पड़ा था। ऐसे में पूरे राज्य की नजर नैनीताल जिले के पुलिस प्रशासन पर टिकी हुई है और नैनीताल पुलिस है कि अपने सुरूर में मगन है।

# रामनगर में कोसी उफान पर सीज़न का बना रिकॉर्ड स्तर

**रामनगर**
हमारे संवाददाता



भारी बारिश का असर अब कोसी नदी पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार को सुबह तकरीबन 8 बजे जहां नदी का बहाव करीब 4500 क्यूसेक था वहीं शाम छह बजते-बजते पानी का स्तर छलांग लगाते हुए 41,600 क्यूसेक तक पहुंच गया।

इस सीज़न में अब तक का यह सबसे ऊंचा जलस्तर दर्ज किया गया है। अचानक बढ़े उफान को देखते हुए प्रशासन और नगर पालिका ने एहतियातन नदी किनारे बस्तियों में लाउडस्पीकर से लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी। मुनादी कराई जा रही है कि कोई भी व्यक्ति नदी व नालों के करीब न जाए। साथ ही अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड की मौजूदगी में प्रशासनिक टीम ने शाम को तटीय इलाकों का संयुक्त निरीक्षण किया। फिलहाल हालात सामान्य बताए जा रहे हैं मगर खतरे की आहट से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रशासनिक अमला दावा कर रहा है कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। उधर नदी किनारे बसे लोगों को साफ हिदायत दी गई है कि वे अनावश्यक जोखिम न लें और अलर्ट पर रहें।

## चौफुला चौराहा क्षेत्र में नाला उफान पर

**हल्द्वानी।** पहाड़ी से सटे पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति खतरे को बढ़ावा देती नजर आ रही है । दमुवाढुंगा स्थित वन चौकी और चौफुला चौराहा क्षेत्र में नाला उफान पर आ गया है, जिससे पानी सड़कों के साथ-साथ किनारे बने घरों तक पहुंच गया है। स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है और लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। प्रशासन की टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थान पर बने रहें। मौसम विभाग ने अभी भी भारी बारिश की संभावना जताई है, जिसके चलते प्रशासन अलर्ट मोड पर है प्रशासनिक अधकारी गोल नदी के किनारे बसे लोगों को बार-बार हिदायत दे रहे है।

# सिंचाई खंड हल्द्वानी से रोड जोड़ने की मांग, ज्ञापन दिया

**नैनीताल /धारी**
हमारे संवाददाता

देवनगर -पलड़ा ग्रामीण सभा के ग्रामीण अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई सिंचाई खंड हल्द्वानी से मिले और देवनगर के खोलटा चयुराकनाला नौबन सल्यानीभूगड़ा चयुराखुनी सकिनजाला -कन्याली तक रोड जोड़ने की मांग की व ज्ञापन प्रेषित किया ।

इस दौरान मनोज शर्मा व नंदाबल्लभ बृजवासी ने कहा कि देवनगर के ये क्षेत्र मोटरमार्ग के अभाव मे भारी परेशानी झेल रहे हैं, यहां की जमीन काफी उपजाऊ है परन्तु मोटरमार्ग के अभाव मे यहाँ के काशतकारो के उत्पाद समय पर मंडी नहीं पहुंच पाते हैं तथा छात्र . छात्राओं को किलोमीटरो के हिसाब से पैदल चलकर स्कूल पहुंचना पड़ता हैऔर भी कई तरह की परेशानिया यहाँ के ग्रामीणो को उठानी पड़ती है ेे। युवा पलायन को बाध्य है, इसलिए इस रोड के निर्माण की नितांत आवश्यकता है। अधिशासी अभियंता ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लिया और तुरंत संबंधित को बुला कर प्राथमिकता के आधार पर सर्वे कराने को निर्देशित किया। ज्ञापन देने मे मनोज शर्मा, बृजवासी व मोहित तिवारी आदि रहे।



# महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनावों के ऐलान के साथ ही प्रशासन ने बढ़ाई सतर्कता

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जिले में हाल ही में हुए जिला पंचायत चुनाव के दौरान उत्पन्न हुई हिंसा और विवादों के मामले के हाईकोर्ट पहुंचने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने अपनी रणनीति को और अधिक कड़ा करते हुए सतर्कता बढ़ा दी है। प्रदेश के महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनावों के ऐलान के साथ ही छात्र राजनीति भी तेज हो गई है। डिग्री कॉलेजों में छात्र गुटों के बीच विवाद और झगड़े की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं।

कुमाऊं के आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने पुलिस को कड़े निर्देश दिए हैं कि छात्रसंघ चुनाव को पूरी शांति और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या हंगामा होगा तो उस क्षेत्र के थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि चुनाव से पहले पुलिस प्रशासन के साथ कई बैठकों में चुनाव से जुड़ी पुरानी विवादों और दुश्मनी पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन कोई भी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए थानाध्यक्षों को संदिग्ध लोगों की पहचान पहले से ही करनी होगी। अगर चुनाव के दौरान कोई विवाद होता है, तो संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं और कुमाऊं क्षेत्र के सभी महाविद्यालयों में छात्र राजनीति सक्रिय हो गई है। हल्द्वानी, रामनगर और हल्दूचौड़ के डिग्री कॉलेजों में पहले भी चुनाव के दौरान विवाद की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। विशेष रूप से हल्द्वानी एमबीपीजी महाविद्यालय, जो कुमाऊं का सबसे बड़ा और सबसे अधिक छात्र संख्या वाला कॉलेज है, वहां चुनाव की गतिविधियां अभी से जोरों पर हैं। पुलिस ने कॉलेज परिसरों में शांति बनाए रखने के लिए जवान तैनात कर दिए हैं। साथ ही कॉलेज के मुख्य द्वार पर आने-जाने वाले छात्रों की सख्ती से जांच की जा रही है ताकि बाहरी तत्व परिसर में आकर अशांति न फैला सकें। पुलिस प्रशासन चुनाव से पहले पूरी तैयारी के साथ सतर्कता बरत रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## फैक्ट्री के पास युवक गांजे सहित गिरफ्तार

**रामनगर।** पुलिस ने सोमवार को एक युवक को अवैध गांजे की बड़ी खेप के साथ दबोच लिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआई सादिक हुसैन पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर से मिली सूचना पर चिल्किया काली बस्ती निवासी आसिफ को प्लाईवुड फैक्ट्री के पास से पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 4.128 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।

# हजारों रुपए की स्मैक सहित एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**अभियान**
● नशे के खिलाफ पुलिस व एस ओ जी की संयुक्त टीम की कार्रवाई

नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस व एस ओ जी की संयुक्त टीम में एक नशे के सौदागर को हजारों रुपए की स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय में पेश किया है मुखानी थाना प्रभारी दिनेश जोशी व एस ओ जी की टीम को मुखबिर ने सूचना दी की एक युवक भारी मात्रा में स्मैक लेकर आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना पाकर गोसाईपुर उत्तराखंड पर जाकर तस्कर की घेरा बंदी कर ली और उसे धर दबोचा और उसकी तलाशी दी जिसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद हुई पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम अखलाक पुत्र मोहम्मद अशरफ निवासी पीलीभीत बताया उसने पुलिस को बताया कि वह पीलीभीत के आसपास के गांव से सस्ते दामों पर स्मैक खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर लाकर बेचता है पुलिस ने उसे कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है थाना प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि तस्कर ने पूछताछ में कई तस्करों के नाम उजागर किए हैं पुलिस उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# छापा: देह व्यापार में लिप्त युवती समेत पांच गिरफ्तार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



हरबर्टपुर में देह व्यापार के संचालन की गोपनीय सूचना मिली। एसएसपी ने एएचटीयू के प्रभारी हरिओम राज चौहान को कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को एएचटीयू ने कोतवाली पुलिस के साथ मकान में छापा मारा। मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) और विकासनगर कोतवाली पुलिस ने सोमवार रात को हरबर्टपुर की सोनिया बस्ती में एक मकान में छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। टीम ने युवती समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से विकासनगर चिरंजीपुर के मंडी चौक के पास निवासी हरिकिशोर उर्फ राजकुमार, उत्तरकाशी जिले के बड़कोट के कांडा गांव निवासी मकान के केयर टेकर जयनारायण शर्मा, हरबर्टपुर के रामबाग निवासी ग्राहक विक्की, उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला और हरियाणा निवासी एक युवती को गिरफ्तार किया। देह व्यापार के संचालक हरिकिशोर ने पहले स्वयं को ग्राहक बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विनोद सिंह गुसाई ने बताया कि एसएसपी को हरबर्टपुर में देह व्यापार के संचालन की गोपनीय सूचना मिली। एसएसपी ने एएचटीयू के प्रभारी हरिओम राज चौहान को कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को एएचटीयू ने कोतवाली पुलिस के साथ मकान में छापा मारा। कमरों में पुलिस को तीन पुरुष, एक युवती व एक महिला के साथ 2350 रुपये और आपत्तिजनक सामग्री भी मिली। पुलिस ने जयनारायण शर्मा से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह मकान राजकुमार ने किराये पर लिया है। वह मकान का केयर टेकर है। वह ग्राहकों और युवतियों को कमरे उपलब्ध कराता है।

उसने बताया कि पुलिस के पहुंचने से आधा घंटा पहले राजकुमार मकान से बाहर गया था। महिला और युवती ने बताया कि राजकुमार ही उनसे फोन पर संपर्क कर ग्राहक उपलब्ध करवाता है। वह उन्हें गूगल पे के माध्यम से भुगतान करता है।